प्रेषक,

निदेशक,
खेल निदेशालय, उ0प्र0,
खेल भवन, लखनऊ।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0,
लखनऊ।

संख्या 844 /संगठन/अंतर्रा0खि0/प्रशिक्षक/2026-27 दिनांक 25 जुलाई 2026

विषयः- **प्रदेश में संचालित छात्रावासों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता के दृष्टिगत अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को मानदेय रू0 1.50 लाख प्रतिमाह पर प्रशिक्षण हेतु आबद्ध किये जाने के सम्बन्ध में**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या 2274/बयालिस-2021-01(घोषणा)/2021 दिनांक 30 दिसम्बर, 2021 के क्रम में प्रदेश में संचालित आवासीय छात्रावासों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता के दृष्टिगत अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को मानदेय रू0 1.50 लाख प्रतिमाह पर प्रशिक्षण हेतु आबद्ध किये जाने के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराया जाना है।

अतः उपरोक्त विज्ञप्ति, आवेदन पत्र, एवं पेन ड्राइव इस पत्र के साथ संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि व्यापक प्रचार-प्रसार वाले 04 हिन्दी लोकप्रिय राष्ट्रीय दैनिक (ALL INDIA EDITION) एवं 02 राष्ट्रीय अंग्रेजी समाचार पत्रों में यथाशीघ्र विज्ञापन प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र

भवदीय,

(डा0 आर0पी0 सिंह)
निदेशक खेल

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपिः-सचिव, खेल विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(डा0 आर0पी0 सिंह)
निदेशक खेल

खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश

खेल भवन, लखनऊ

संख्या 845 /संगठन/अन्तर्रा0 खि0/प्रशिक्षक/2026-27 दिनांक 25 जुलाई 2026

## विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या 2274/बयालिस-2021-01(घोषणा)/2021 दिनांक 30 दिसम्बर, 2021 के क्रम में वर्ष 2026-27 में **16 खेलों क्रमशः (हॉकी बालक/बालिका, तैराकी बालक/बालिका, वालीबाल बालक/बालिका, जिम्नास्टिक बालक/बालिका, एथलेटिक्स बालक/बालिका, क्रिकेट बालक, फुटबाल बालक, बैडमिन्टन बालक/बालिका, टेबुल-टेनिस बालक/बालिका, बास्केटबाल बालक/बालिका, कबडडी बालक/बालिका, कुश्ती बालक/बालिका, बाक्सिंग बालक, हैण्डबाल बालिका, जूडो पुरूष,तीरन्दाजी बालक/बालिका** के 34 छात्रावासों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता के दृष्टिगत 40 अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडियों को मानदेय रू0 1.50 लाख प्रतिमाह पर प्रशिक्षण हेतु आबद्ध किये जाने हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन करने वाले अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी की खेल एवं शैक्षिक योग्यता निम्नवत निर्धारित है-

1-अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी/प्रशिक्षकों को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम स्नातक उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा अथवा अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी/प्रशिक्षकों के अनिवार्य/अधिमान्य अर्हताओं में छूट अथवा शिथिलीकरण किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्तर-1 पर वर्णित समिति द्वारा विचार कर निर्णय लिया जायेगा।

2-अन्तर्राष्ट्रीय खेलों यथा ओलम्पिक गेम्स, कामनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स एवं वर्ल्ड कप/वर्ल्ड चैम्पियनशिप (प्रत्येक चार वर्ष में आयोजित होने वाली) में प्रतिभाग किया हो, अर्ह माना जायेगा तथा उपरोक्त प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को वरीयता दी जायेगी अथवा पद्मश्री, खेल रत्न पुरस्कार, अर्जन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, ध्यानचन्द पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ी/प्रशिक्षक अथवा ऐसा प्रशिक्षक जिसने ओलम्पिक गेम्स/विश्वकप/एशियन गेम्स/कामनवेल्थ गेम्स में सम्मिलित भारतीय टीम को प्रशिक्षण दिया हो, को अर्ह माना जायेगा।

1- अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी/प्रशिक्षकों की तैनाती 03 वर्ष हेतु की जायेगी। प्रत्येक वर्ष के अन्त में निदेशक, खेल द्वारा इनकी उपलब्धियां, आचरण व्यवहार, अनुशासन एवं नियमित प्रशिक्षण के दृष्टिगत मूल्यांकन किया जायेगा। उपलब्धि के आधार पर इन्हें बनाये रखने व निकाले जाने का निर्णय निदेशक खेल द्वारा लिया जायेगा। यह पूर्णतया मानदेय/संविदा के आधार पर रखे जायेगें। तैनात अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी /प्रशिक्षकों का भविष्य विनियमितीकरण हेतु प्रस्तुत कोई दावा मान्य नहीं होगा।

अन्य शर्तें:-

1-आवेदन पत्र के साथ अपनी शैक्षिक योग्यता से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित या आवेदक द्वारा स्वयं प्रमाणित हो, संलग्न करना अनिवार्य है।

2-इच्छुक अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपना आवेदन पत्र अपने मण्डल के क्षेत्रीय खेल कार्यालयों में अन्तिम तिथि 17 अगस्त 2026 की सायं 5:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। क्षेत्रीय खेल कार्यालय में तैनात क्रीड़ाधिकारी/क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी द्वारा आवेदन पत्र प्राप्त कर निदेशालय में उपलब्ध कराये जायेगें, इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

3-जो खिलाड़ी सरकारी सेवा में हैं उनको आवेदन पत्र के साथ सम्बन्धित विभाग के विभागाध्यक्ष का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

4-अभ्यर्थी आवेदन पत्र का प्रारूप खेल विभाग के वेवसाइट upsports.gov.in अथवा Khelshathi पोर्टल पर डाउनलोड कर सकते हैं।

(डा0 आर0पी0 सिंह)
निदेशक, खेल

## खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के अधीन संचालित आवासीय क्रीडा छात्रावास के खिलाडियों के प्रशिक्षण हेतु अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडियों को प्रशिक्षक के रूप आबद्ध किये जाने हेतु

## आवेदन पत्र

खेल का नाम-------------------------------------------

फोटो

1-आवेदक का नाम ----------------------------------

2-पिता का नाम ---------------------------------

3- जन्मतिथि ----------------------------------

(01 अगस्त 2026 को आयु) वर्ष --------माह------------दिन----------

(प्रमाण पत्र संलग्न)

4-स्थायी पता ---------------------------------------------------

---------------------------------------------------

5-वर्तमान पता ---------------------------------------------------

--------------------------------------------------

6-मोबाइल नम्बर --------------------------------------------------

7-जाति ---------------------------------------------------

(सामान्य/अ0पि0वर्ग/अनु0जाति/अनु0 जनजाति

8- आधार नम्बर ---------------------------------------------------

9-ई-मेल आई0डी ---------------------------------------------------

10-शैक्षिक योग्यता ----------------------------------------------------

11-खेल योग्यता ----------------------------------------------------

(अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग सम्बन्धी विवरण अंकित करते हुए प्रमाण पत्र संलग्न करें।

12-प्रशिक्षण का अनुभव ---------------------------------------------------------

13-खेल के क्षेत्र में प्राप्त सम्मान/
पुरस्कार का विवरण

## घोषणा

मैं घोषणा करता हूँ/ करती हूँ कि मेरे द्वारा उपलब्ध करायी गयी उपरोक्त समस्त जानकारियॉं पूर्णतया सत्य हैं। इसमें किसी भी तथ्य को छिपाया नहीं गया है।

दिनांक-------------

स्थान--------------

आवेदक के हस्ताक्षर

प्रतिहस्ताक्षरित

क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी/क्रीडाधिकारी

मुहर सहित